उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 28 भाद्रपद, शक संवत्, 1935

( दिनांक : 19 सितम्बर, 2013 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (दिखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (दिखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2013 के प्रथम सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. श्री राजेश शुक्ला, सदस्य विधान सभा, ''जनपद उधमसिंह नगर के विकास खण्ड रूद्रपुर के अन्तर्गत ग्राम कनकपुर में राजकीय हाई स्कूल का उच्चीकरण कराये जाने के संबंध में'' श्री बलजीत सिंह निवासी, ग्राम कनकपुर पो0 प्रतापपुर, जनपद उधमसिंह नगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा रूद्रपुर में कृषि भूमि की सिंचाई हेतु नलकूप लगाये जाने के संबंध में'' श्री अनिल कुमार, निवासी, ग्राम रूद्रपुर विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा रूद्रपुर के ग्राम देवथला में अनुसूचित जाति बस्ती के लिए कृषि भूमि की सिंचाई हेतु नलकूप लगाये जाने के सम्बन्ध में" श्री दौलत राम, निवासी, ग्राम सभा रूद्रपुर विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा लांघा में कृषि भूमि की सिंचाई हेतु सिंचाई नलकूप लगाये जाने के संबंध में" श्री नेन्दन लाल, निवासी, ग्राम लांघा विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा जमनीपुर के ग्राम जमनीपुर तप्पड़ में कृषि भूमि की सिंचाई हेतु सिंचाई नलकूप लगाये जाने के संबंध में" श्री अश्वनी कुमार, निवासी, ग्राम ममनीपुर विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के तहसील विकास नगर के नगरपालिका परिषद् वार्ड न0-1,4,5 तथा वार्ड न0-9 में सीवर लाईन की व्यवस्था कराये जाने के संबंध में" श्री सुरेन्द्र प्रकाश, निवासी, नगरपालिका परिषद विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा छरबा (उस्मानपुर) की कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु आसन नदी पर उत्तरी तटबंध बनाये जाने के संबंध में" श्री लियाकत अली, निवासी, ग्राम सभा छरबा (उस्मानपुर) विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा फतेपुर में कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु उत्तरी उद्‌मादी नदी पर तटबंध बनाये जाने के संबंध में" श्री अश्वनी कुमार, निवासी, ग्राम फतेपुर विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा कटापत्थर की हजारों बीघा कृषि भूमि बाढ़ से प्रभावित होने के कारण सुरक्षा हेतु कटापत्थर में यमुना नदी पर तटबंध बनाये जाने के संबंध में" श्री पाती राम, निवासी, ग्राम कटापत्थर विकास खण्ड विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकास नगर की ग्राम सभा ढकरानी के नहर पार कृषि फार्म के पीछे निवासियों की कृषि भूमि के लिए सिंचाई नलकूप लगाये जाने के संबंध में" मो0 यूनुस, निवासी, ग्राम सभा ढकरानी विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

17. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

18. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

19. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

20. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

21. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य अनुसूचित जाति उप योजना और जन जाति उप योजना (नियोजन, धनावंटन तथा उपयोग) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

22. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य अनुसूचित जाति उप योजना और जन जाति उप योजना (नियोजन, धनावंटन तथा उपयोग) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

23. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

24. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

25. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**(समय : अपराह्न 4:00 बजे)।**

26. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2013-14 की प्रथम अनुपूरक अनुदान मांगें प्रस्तुत करेंगे।

27. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

28. जनपद नैनीताल के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत काला पातल-ल्वेशाल एवं कस्यालेख-सूपी पाटा रोड़ के बन्द होने से जनता को हो रही परेशानी के संबंध में श्री दान सिंह भण्डारी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2013 को दी गई सूचना पर, माननीय मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

29. जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड मूनाकोट के प्राथमिक विद्यालय खूना के क्षतिग्रस्त भवन के पुनर्निर्माण के संबंध में श्री विशन सिंह चुफाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2013 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 19 सितम्बर, 2013

(जगदीश चन्द्र)
अपर सचिव।

द्वितीय सत्र, 2013
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार, 28 भाद्रपद, शक संवत्, 1935

## ( दिनांक : 19 सितम्बर, 2013 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री पुष्कर सिंह धामी
04.09.2013

श्री मालचन्द
05.09.2013

**क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को कृषि हेतु लिए गये ऋण को माफ करने हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
10.05.2013

*1. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में शिक्षा के लगातार गिरते स्तर के कारण सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या लगातार कम हो रही है और अधिकांशतः गरीब अभिभावक ही अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पठन–पाठन हेतु भेज रहे हैं, यहां तक कि सरकारी अध्यापक भी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में नहीं पढ़ाते हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार शिक्षा के इस गिरते स्तर को उठाने हेतु कोई प्रयास करेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — शिक्षा

श्री ललित फर्स्वाण
13.05.2013

*2. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि बागेश्वर जनपद के बैजनाथ में कत्यूर राजवंश से संबंधित मूर्तियां एक कमरे में बन्द हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि संग्रहालय न बनने से पर्यटन से होने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार बैजनाथ में संग्रहालय की स्थापना करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? — संस्कृति

श्री ललित फर्स्वाण
14.05.2013

*3. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय हिमालयी क्षेत्रों में पैदा होने वाली जड़ी बूटी के संग्रहण व विपणन हेतु कोई योजना काश्तकारों के लिए बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — उद्यान

श्री ललित फर्स्वाण
14.05.2013

*4. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में चाय उत्पादन की संभावनाओं व लोगों को रोजगार प्रदान कर पलायन रोकने हेतु चाय बागान विस्तारीकरण की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — उद्यान

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
16.05.2013

*5. **आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** — शिक्षा

क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य निर्माण के उपरान्त प्रदेश में कम्पयूटर शिक्षा हेतु सरकार द्वारा कम्पयूटर कक्ष, जनरेटर और कक्ष की साज सज्जा के कार्य कराये जाने हेतु धन की व्यवस्था की थी ? यदि हां, तो किस स्तर के विद्यालयों में कितनी धनराशि आवंटित की गई थी ? क्या मंत्री जी अवगत है कि अवमुक्त धन राशि के सापेक्ष वर्तमान तक कितने विद्यालयों में कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री नवप्रभात
16.05.2013

*6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में सरकारी स्कूलों को पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप के अन्तर्गत संचालित करने का निर्णय लिया है ? यदि हां, तो कौन–कौन से स्कूल पी०पी०पी० के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पी०पी०पी० पार्टनर के चयन के लिये क्या मानक तथा प्रकिया निर्धारित की गयी है ? — शिक्षा

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>23.05.2013 | *7. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि गंगा एक्शन प्लान/गंगा बेसिन बोर्ड के अन्तर्गत गंगा नदी में निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा में प्रदूषण कम हुआ है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा गंगा को पुनः दूषित होने से रोकने की दशा में क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री महावीर सिंह रांगड<br>04.06.2013 | *8. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के अधिकतर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है ? यदि हां, तो क्या सरकार शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री आदेश चौहान<br>06.06.2013 | *9. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि रानीपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत शिवालिक नगर के कलस्टर–आर में स्थित पेजयल नलकूप से पिछले कई महीनों से पानी आपूर्ति बन्द हो गई है जिस कारण क्षेत्र में पेयजल संकट की समस्या उत्पन्न हो गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नये नलकूप हेतु रि–बोर कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2013 | *10. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत लैन्सडौन में ईको टूरिस्म के नाम पर पर्यटन विभाग द्वारा हट्स का निर्माण कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन हट्स की निर्माण लागत क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन हट्स में लगाई जा रही इमारती लकड़ी कहां की है तथा क्या इस इमारती लकड़ी का परीक्षण कराया गया ? यदि हां, तो क्या सरकार परीक्षण रिर्पोट की प्रति सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2013 | *11. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल में भैरवगढ़ी पेयजल पम्पिंग योजना कब तक बनकर तैयार होगी तथा इसके विलम्ब के क्या कारण है ? | पेयजल |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>17.06.2013 | *12. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा कोटडा सन्तोर में पेयज योजना हेतु नलकूप प्रस्तावित है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>21.06.2013 | *13. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश में सीवर का गंदा पानी गंगा नदी में जा रहा है ? यदि हां, तो इसके रोकथाम के क्या उपाय सरकार कर रही है और कब तक ? | पेयजल |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>01.07.2013 | *14. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत चौबट्टाखाल में पम्पिंग पेयजल योजना प्रस्तावित हैं ? यदि हां, तो कब तक कार्य पूर्ण हो पायेगा ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>01.07.2013 | *15. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के विधान सभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत परोरी एकेश्वर पेयजल श्रोत सम्बर्धन योजना पूर्ण होने में कितना समय लगेगा ? क्या सत्य है कि लगभग 57 कि0मी0 प्रस्तावित योजना में से विगत 9 वर्षों में मात्र 23 कि0मी0 ही पाईप लाईन बिछाई गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार भौतिक स्थिति की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री अरविन्द पाण्डेय<br>03.07.2013 | *16. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र गदरपुर में गर्मियों के दिनों में पानी का स्त्रोत नीचे हो जाने की वजह से आम जनता को पेयजल की समस्या हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस समस्या के निदान हेतु कोई प्रबन्ध कर रही है ? यदि हां, तो क्या तथा कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेजयल |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>03.07.2013 | *17. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेजयल योजनाओं की अवधि 15 वर्ष से अधिक हो गई है एवं इनका विवरण क्या है ? क्या सरकार इन के पुनर्गठन की योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05.07.2013 | *18. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागवानी के लिए प्रदेश में क्या क्या प्रस्ताव बनाये हैं तथा इस वर्ष कितने गावों को बागवानी हेतु धन उपलब्ध कराया जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस योजना के लिए कितने गांव कुंमाऊ मंडल में और कितने गांव गढ़वाल मंडल में चिन्हित किये गये हैं ? क्या सरकार जनपद पौड़ी गढ़वाल में सामूहिक बागवानी के लिए प्रोत्साहित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>12.07.2013 | *19. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में सरयू नदी पर पेयजल लिफ्ट योजना के निर्माण की मांग जनता द्वारा लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो ग्रामीणों की पेयजल समस्या के निदान हेतु सरकार क्या प्रयास कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>15.07.2013 | *20. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आयी दैवीय आपदा से पर्यटन विभाग के अन्तर्गत सम्पत्तियों की कितनी आर्थिक एवं भौतिक हानि हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मंडल एवं कुमाऊ मंडल विकास निगम के कितने गेस्ट हाउस यात्रा मार्गों पर स्थित थे और कितने क्षतिग्रस्त हुए हैं ? सरकार द्वारा कब तक इन गेस्ट हाउसों को सुचारू रूप से चलाने की व्यवस्थायें कर ली जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>13.05.2013 | 1. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में कितने पेयजल नलकूप हैं तथा इनमें से कितने नलकूपों पर जनरेटर की व्यवस्था है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि शेष नलकूपों पर जनरेटर उपलब्ध कराने के लिये सरकार की क्या योजना है ? | पेयजल |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>14.05.2013 | 2. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्रदेश में संचालित विद्यालय वर्ष 2013 में बन्द कर दिये जायेंगे ? यदि हां, तो इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए सरकार क्या योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.05.2013 | 3. | **प्रथम मंगल के अता0 48 में स्थाना0**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि गौरा देवी कन्याधन योजना के तहत सभी पात्र छात्राओं को लाभ नहीं दिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या माननीय मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 2010–11 और 2011–12 में कितनी छात्रायें उक्त योजना से वंचित रह गई हैं ? क्या सरकार उक्त वंचित सभी छात्राओं को लाभान्वित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>15.05.2013 | 4. | क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के बैजनाथ मन्दिर के 100 मीटर की परिधि में लोगों के आवासीय भवन निर्मित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि लोगों को आवासीय भवनों के मरम्मत/पुनर्निमाण के लिए अनुमति लेने में असुविधा हो रही है तथा लोगों द्वारा विस्थापन की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार मन्दिर क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने वाले लोगों की सुविधा के लिए कोई कार्य योजना या विस्थापन की कोई नीति बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>15.05.2013 | 5. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत इण्टरमीडिएट की छात्राओं हेतु आगे कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.05.2013 | 6. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रमसा के तहत विद्यार्थियों के गणवेश (यूनिफार्म) हेतु सरकार द्वारा दी जा रही धनराशि पर्याप्त है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि दी जा रही धनराशि से 2 जोड़े गणवेश (यूनिफार्म) बना पाना संभव है ? यदि नहीं, तो क्या इस धनराशि को बढ़ाने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>16.05.2013 | 7. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अशासकीय विद्यालयों को रमसा के तहत धन अवमुक्त नहीं किया जाता है ? क्या अशासकीय विद्यालयों को रमसा के तहत धन अवमुक्त कराने के लिए कोई योजना केन्द्र सरकार को प्रेषित है ? यदि हां, तो कब तक योजना अस्तित्व में आयेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 20.05.2013 | 8. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 20.05.2013 | 9. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री नवप्रभात 21.05.2013 | 10. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम ढाकपत्थर के केशवमाधवपुरम तथा सरस्वती बिहार के लिये मिनी पेयजल नलकूप (पाईप लाईन सहित) की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गयी है ? | पेयजल |
| श्री नवप्रभात 21.05.2013 | 11. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासनगर नगर पालिका में सीवरेज सिस्टम के विस्तार की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गई है ? | पेयजल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 21.05.2013 | 12. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या मंत्री जी उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 22.05.2013 | 13. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड से प्रारम्भ होने वाली अत्यन्त महत्वपूर्ण व पौराणिक कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले उत्तराखण्ड राज्य के यात्रियों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है ? यदि हां, तो राज्य निर्माण के उपरान्त क्या प्रत्येक वर्ष यात्रियों को अनुदान दिया गया है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री सुरेन्द्र सिह जीना 24.05.2013 | 14. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिह जीना 24.05.2013 | 15. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों /कर्मचारियों को किन–किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या सरकार उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 27.05.2013 | 16. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत नागटिब्बा, देवलशारी, मैरियाण, क्यारी सुरकंडा एवं पत्थरखोला, आदि स्थानों को पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टि से विकसित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री नवप्रभात 27.05.2013 | 17. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर के ग्राम लक्ष्मीपुर केदारावाला में पेयजल नलकूप का बोरिंग कार्य किस वर्ष में पूरा किया गया था ? क्या इस पेयजल नलकूप से क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या इस पेयजल नलकूप के ओवरहैड टैंक का निर्माण हो चुका है ? | पेयजल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.05.2013 | 18. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कम्प्यूटर शिक्षा के महत्व को देखते हुऐ प्रदेश के विद्यालयों–इण्टर कालेजों में कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सरकार कोई प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री नवप्रभात 28.05.2013 | 19. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में राजकीय इण्टर कालेज लांघा के भवन तथा अध्यापक कर्मचारी निवासों के निष्प्रयोज्य हो जाने की जानकारी शासन को प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो विद्यालय भवन तथा आवास पुनः निर्माण के लिये क्या कार्यवाही की गयी है ? | शिक्षा |
| श्री नवप्रभात 28.05.2013 | 20. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर के अन्तर्गत हरबर्टपुर (सहारनपुर रोड) के लिये मिनी पेयजल नलकूप (पाईप लाईन सहित) योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गयी है ? | पेयजल |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 28.05.2013 | 21. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जिस प्रकार गंगा नदी पर पर्यटन की दृष्टि से रीवर राफ्टिंग की जाती है ? क्या उसी तरह यमुना घाटी में यमुना नदी पर भी रीवर राफ्टिंग करवाई जानी प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 28.05.2013 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में ग्राम रौतूकी बैली में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजकुमार ठुकराल 29.05.2013 | 23. द्वितीय शुक्रवार के अता0 04 में स्थाना0<br>क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र रूद्रपुर के अन्तर्गत जिला मुख्यालय रूद्रपुर में पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है, न ही कोई सीवर लाईन की व्यवस्था है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा रूद्रपुर में सीवर लाइन की व्यवस्था कब तक की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री गणेश जोशी 30.05.2013 | 24. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी विधान सभा क्षेत्र में पर्यटन कि विकास हेतु 13 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत मसूरी–विशिंग वैल–जार्ज एवरेस्ट, मसूरी–क्लाउड इन्डस–दुधली–भदराज, मसूरी–क्लाउड इन्डस–विनयोग हिल, मसूरी कैम्पटी फॉल, मसूरी–गन हिल, भट्टाफॉल–मसूरी ट्रैक रूट प्रस्तावित की गई थी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उपरोक्त योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना को पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री गणेश जोशी 30.05.2013 | 25. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि मसूरी में पेयजल की अत्यन्त समस्या है ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी शहर के लिए पेयजल योजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री गणेश जोशी 30.05.2013 | 26. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन विभाग द्वारा भट्टा फॉल के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त योजना में कब तक काम शुरू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री दलीप सिंह रावत 30.05.2013 | 27. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने शासकीय/अशासकीय इण्टर कालेजों में विज्ञान की मान्यता नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार निकट भविष्य में उक्त कालेजों में विज्ञान की मान्यता दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी 31.05.2013 | 28. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में राजकीय इण्टर कालेज/हाईस्कूलों में पुस्तकालय स्थापित किये जाने का कोई प्राविधान है ? यदि हां, तो प्रदेश के कितने विद्यालयों में पुस्तकालय विधिवत स्थापित हैं और कितने पुस्तकालयाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सहायक कार्यरत हैं ? यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा रमसा के तहत प्रत्येक विद्यालय को पुस्तकों के लिए दी जाने वाली धनराशि के सदुपयोग के लिए कोई कार्ययोजना बनायी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 31.05.2013 | 29. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ राजकीय इन्टर कालेज मानले में विज्ञान एवं कला के सात प्रवक्ता पद सृजित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार शेष प्रवक्ता के पदों को सृजित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>31.05.2013 | 30. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में राजकीय इन्टर कालेज मानले के भवन निर्माण हेतु कुल कितना धन स्वीकृत किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रथम किस्त में कितना धन अवमुक्त हुआ है तथा शेष राशि कब तक अवमुक्त की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>31.05.2013 | 31. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक/कर्मचारियों की डिग्रियों का सत्यापन किये जाने का प्राविधान है ? यदि हां, तो कौन इसके लिए सक्षम अधिकारी है और अभी तक कुल कितने कर्मचारियों/शिक्षकों का सत्यापन हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस हेतु कोई कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.06.2013 | 32. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर में मात्र एक राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इसका इण्टरमीडिएट में उच्चीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>04.06.2013 | 33. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत उच्चीकृत हाईस्कूलों एवं इन्टरमीडिएट विद्यालयों में सरकार शिक्षकों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.06.2013 | 34. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में चाय की खेती को बढ़ावा देने हेतु क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>05.06.2013 | 35. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कितने स्थानों पर कहां–कहां हैण्डपम्प लगाये जाने प्रस्तावित हैं ? क्या मंत्री जी विवरण सहित उपलब्ध करवायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री राजेश शुक्ला<br>06.06.2013 | 36. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के किच्छा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रामनगर विकास खण्ड रूद्रपुर में स्थित कन्या जूनियर हाईस्कूल जो सन् 1965 से स्थापित है तथा इसके उच्चीकरण की मांग क्षेत्र की जनता लगातार कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के उच्चीकरण पर कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड 06.06.2013 | 37. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में 17 वर्षों से केन्द्रपोषित योजना (व्यावसायिक शिक्षा) में कार्यरत रहे व्यवसायिक शिक्षकों की सेवाये वर्ष 2005 में समाप्त कर दी गयी थी ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त व्यवसायिक शिक्षकों को अन्य विभागों में समायोजित किये जाने पर विचार कर रही हे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 06.06.2013 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में व्यायाम शिक्षकों के पदों को सृजित कर नियुक्ति का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो नियुक्ति प्रकिया कब तक प्रारम्भ की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
